केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

क.जे.सोमैया परिसर

विद्याविहार मुम्बई-७७

संविधान दिवस प्रतिवेदन

२६.११.२०२३

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, क. जे. सोमैया परिसर, मुम्बई में दिनांक 26.11.2023 को पूर्वाह्ण 11.00 बजे ऑनलाईन माध्यम गूगल मीट द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में परिसंवाद का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूवात वैदिक मंगलाचरण से हुई । कार्यक्रम में डॉ. के. गिरीधर राव, सहायकाचार्य, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गुरुवायूर परिसर एवं मुम्बई परिसर के राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. रंजय कुमार सिंह विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे । कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कुमार ने कार्यक्रम के प्रास्तविक भाषण के साथ उपस्थित विषय विशेषज्ञों का परिचय करवाते हुए सभी का स्वागत किया ।



इस कार्यक्रम का विशेष आर्कषण था छात्रों का विषयोपस्थापन । छह छात्रों ने संविधान विषय पर भाषण किया । दोनों मार्गदर्शक भाषण के विषयों को स्पष्ट करके पुष्टि प्रदान किये । अध्यक्ष के रूप में उपस्थित परिसर के निदेशक महोदय प्रो. के. के. शैन ने संविधानोक्त विचारों का महत्व और उपयोगिता के बारे में कहा । इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दीपान्विता दास, सहायकाचार्या (अतिथि) शिक्षाशास्त्र विभाग ने किया जबकि मंच संचालन डॉ. फणिप्रसाद, सहायकाचार्य (अतिथि) शिक्षाशास्त्र विभाग ने किया ।





शान्तिमन्त्र के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई । इस अवसर पर सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे ।

(डॉ. कुमार)

संयोजक

Scanned with OKEN Scanner